राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : चित्रकला
पाठ 1 : सिंधु घाटी सभ्यता की कला
कार्यपत्रक - 1

1. 'कलश के नमूने अमूर्तता की ओर होते हैं।' अमूर्त कला की एक विशेषता लिखें और उसकी एक अन्य कलात्मक वस्तु के बारे में लिखें।

2. सिंधु घाटी का कलश अंतिम रूप में पौलिश किया हुआ प्राप्त हुआ। उस पौलिश के लाभ लिखें।

3. मोहनजोदड़ो स्थल से प्राप्त कई कला और कौशल की वस्तुएं मिट्टी की बनी हैं। उनके द्वारा सामान्यतया मिट्टी का प्रयोग क्यों किया जाता था?

4. क्या आप समझते हैं कि आग में पकाना टेराकोटा प्रक्रिया का महत्त्वपूर्ण भाग है? कारण सहित उत्तर दीजिए।

5. मूर्ति के सिर के पहनावे में सिर के दोनों ओर दो गेंदनुमा आकार दिखायी देते हैं, जो संभवत: काम में लिये गये हैं। कोई अन्य संभावना के बारे में लिखें तथा मूर्ति की पहचान करें।

6. हड़प्पा काल के कलाकार और कारीगर जानवरों, पक्षियों और पौधों के अभिप्राय प्रस्तुत करना क्यों पसंद करते थे?

7. सिंधु घाटी सभ्यता में कोई उद्योग या कम्पनी नहीं थी, फिर भी उसे सभ्यता क्यों कहते हैं?

8." हड़प्पा वासी सांस्कृतिक रूप से धनी थे।" सिद्ध करें।

9. कारीगरी और नमूनों के कुछ अद्भुत उदाहरणों की पहचान करके नाम लिखें और उनकी अद्भुत विशेषताओं का उल्लेख करें ।

10. हड़प्पा काल में हम पाते हैं कि स्त्रियां पुरुषों के समान प्रगतिशील थीं। सिद्ध करें।